# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि 21 फाल्गुन, 1936 (श०) / 12 मार्च, 2015 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 31**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास विभाग | .. | .. | 09 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 03 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 03 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 08 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 31 |

कार्रवाई करना

''क''-*1. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 06 अक्टूबर, 2014 को हिन्दी समाचार-पत्र में प्रकाशित ''10 करोड़ से ज्यादा हुए खर्च फिर भी गाँधी मैदान बदहाल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 के फरवरी में गाँधी मैदान के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की गयी थी तथा पिछले तीन-चार वर्षों में सौंदर्यीकरण पर 10 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गयी है, किन्तु अभी भी इसकी स्थिति बदहाल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ के निर्माण में 4.81 करोड़ बाउंड्री पर 1.83 करोड़, लैंड स्केपिंग पर 58.48 लाख, बच्चों के लिए झूला व डस्टिन पर 52 लाख, लाइटिंग पर 81.67 लाख अन्य काम पर 20 लाख तथा कंसल्टेंसी व सर्विस टैक्स पर 32.56 लाख खर्च किए गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*2. डॉ0 कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत खिजरसराय प्रखण्ड के सरवहदा बाजार में 5 वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पाइप लाइन का कार्य नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजरसराय प्रखण्ड के सरवहदा बाजार में ग्रामीणों के शुद्ध पेयजल मुहैया कराने हेतु पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कराकर पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 18 अक्टूबर, 2014 को हिन्दी समाचार-पत्र में प्रकाशित ''आखिर कहाँ गया धान का 250 करोड़ रुपए का बोनस'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बीते खरीफ सीजन में धान खरीद का बोनस खाद आपूर्ति विभाग ने 250 करोड़ रुपये सहकारिता विभाग को दिया ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहकारिता विभाग उक्त राशि को बाँट चुकी है लेकिन सरकार के पास रेकार्ड नहीं है, जिसमें उन किसानों का नाम, पता एवं ठिकाना दर्ज हो, जिन्हें बोनस दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव के स्तर पर इस संबंध में कई बैठक हो चुकी है, परन्तु नतीजा नहीं मिल पाया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-नगर विकास एवं आवास विभाग से भवन निर्माण विभाग को स्थानान्तरित।

निर्माण करना

*4. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण जलापूर्ति हेतु जलमीनार बनाने की आबादी 5 (पाँच हजार) होने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट विधान-सभा के सोनहुला पंचायत में खालगाँव, सुल्तानपुर, रामपुर जागा, चाड़ी दुर्ग, ओझा चाड़ी, विष्णुपुरा गाँवों की आबादी लगभग 30 हजार से अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में जलमीनार का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*5. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के नेहरू चौक से कोसीधार तक सड़क के दोनों तरफ नाला नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नेहरू चौक से कोसीधार तक नाला नहीं होने से उक्त क्षेत्र के घर में गंदा पानी सड़क पर गिरते हैं, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नेहरू चौक से कोसीधार तक सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*6. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के चम्पा लाल डरवे के घर से उत्तर कसबा हाई स्कूल के बीच पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बताना

*7. डॉ0 अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 15 नवम्बर, 2014 के अंक में छपी खबर ''सब्सिडी बंद 1प्रतिशत महंगा हुआ कृषि ऋण'' शीर्षक के आलेख में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में किसानों को कृषि ऋण पर 1 प्रतिशत सब्सिडी देने की योजना का वित्तीय वर्ष 2014-15 में रिन्यूवल राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया है और बैंकों को दिया जाने वाली राशि में से 6 करोड़ रुपया सरकार द्वारा वापस ले लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के इस निर्णय से राज्य के किसानों पर ऋण का बोझ बढ़ गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य में कृषि ऋण पर सब्सिडी बन्द करने का क्या औचित्य है ?

---

व्यवस्था कराना

*8. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बता सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड में किसानों के मिट्टी जाँच के लिए किसान भवन का निर्माण वर्ष 2012-13 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण के बाद भी प्रयोगशाला तकनिशियन एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं रहने के कारण क्षेत्र के किसानों को मिट्टी जाँच की सुविधा नहीं प्राप्त हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महनार प्रखण्ड में मिट्टी जाँच के लिए तकनीकी कर्मचारियों एवं उपकरणों की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन बनाना

*9. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर एवं सिधवलिया प्रखण्ड में उच्च कोटि का पशु चिकित्सालय का भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बैकुण्ठपुर अंचल के मौजा सिरसा में थाना नं० 340, खाता नं० 348, खेसरा नं० 724, 5 कट्ठा भूमि एवं सिधवलिया अंचल के बुचेयां के थाना नं० 398, खाता नं० 388, खेसरा नं० 3614, रकबा 4 कट्ठा 8 धूर भूमि पशु चिकित्सालय भवन निर्माण हेतु उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बैकुण्ठपुर एवं सिधवलिया प्रखण्डों में उच्च कोटि के पशु चिकित्सालय भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्य प्रारंभ कराना

*10. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव परिषद् में वाटर सप्लाई/ड्रेनेज एवं सिवरेज योजना का डी०पी०आर० तैयार करने हेतु माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 762, दिनांक 9 मई, 2013 द्वारा बिडको के परामर्शी Tata Consulting engg. का चयन करते हुये 6 माह के अन्दर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था, परन्तु दिनांक 29 जनवरी, 2015 तक अप्राप्त है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार डुमरांव परिषद् में वाटर सप्लाई/ड्रेनेज एवं सिवरेज योजना का डी०पी०आर० तैयार कर चालू वित्तीय वर्ष में कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नई योजना पर विचार

*11. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गंगा, कोसी, बागमती, बुढ़ी गंडक, करेह नदियों के साथ कसरैया धार, डेयनी मोहन, तेतरी, कोलवारा, मैरा तथा कोयला के जलकरों में मत्स्य उत्पादन हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदियों एवं जलकरों से खगड़िया जिला में मात्र 13 हजार मेट्रिक टन वार्षिक मछली का उत्पादन हो रहा है, जबकि राज्य का वार्षिक उत्पादन 4.0014 लाख मे० टन है ;

(3) क्या यह बात सही है कि नदियों और जलकरों के क्षेत्रफल के अनुरूप खगड़िया जिला में मछली का उत्पादन औसत से कम हो रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खगड़िया जिला में मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिये कौन-सी नई योजना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

संचालित कराना

*12. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय-- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-बनिया छापर टोला, विक्रमपुर में स्थापित पशु चिकित्सालय का भवन बिल्कुल जर्जर हो जाने के चलते विगत 4-5 वर्षों से बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय भवन का पुनर्निर्माण कराते हुये संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण शीघ्र कराना

*13. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड के ग्राम-महद्दीगंज एवं ग्राम-अमरा तालाब (करबन्दिया) में एक-एक जलमीनार निर्माण की स्वीकृति 2013 में मिलने के बावजूद कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों जलमीनार का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

औचित्य बताना

*14. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी को अंचल का दर्जा 22 वर्ष पूर्व मिला है, लेकिन आजतक अंचल कार्यालय का भवन का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा भवन के निर्माण हेतु अपने पत्रांक 158, दिनांक 18 जुलाई, 2012 को माननीय मुख्य मंत्री, बिहार, पटना को भी पत्र लिखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो परसौनी अंचल कार्यालय के भवन का निर्माण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

-------

चालू करना

*15. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखण्ड के शेवतर में पानी टंकी चालू नहीं होने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मोहड़ा प्रखण्ड के शेवतर गाँव में लगा पानी टंकी चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

अनु०जाति को जमीन देना

*16. श्री अरूण माँझी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला सहित सभी जिलों में खासमहल की 25 हजार एकड़ जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति के भूमिहीन परिवार को 5 डिसमील जमीन देने का सरकार का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खासमहल की जमीन को अनुसूचित जाति को देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पानी मुहैया कराना

*17. श्री ज्ञानचन्द माँझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड के निम्नलिखित ग्रामों में शुद्ध पेयजल का अभाव है, चिन्तामण गंज बाजार, बसंत ठाकुरबाड़ी बाजार, धर्मबागी बाजार, अलोनी बाजार, साधपुर, अवधियान टोला, धनौड़ा बाजार एवं सदर छपरा के डुमरी अड्डा यदि हाँ, तो वर्णित ग्रामों में सरकार कबतक ग्रामीण जनता को शुद्ध पानी मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*18. श्री मंजीत कुमार सिंह--दिनांक 5 दिसम्बर, 2014 के दैनिक समाचार-पत्र में छपे शीर्षक "के०सी०सी० बनाने के लिये हर बुधवार को बैंकों में लगेगा कैम्प" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, कृषि विभाग ने राज्य के सभी जिला के कृषि पदाधिकारी को के०सी०सी० बनाने के लिये हर बुधवार को कैम्प लगाने का निदेश दिया था, ताकि किसानों का अधिक-से-अधिक के०सी०सी० बन सके ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी निदेश के बावजूद अभी भी के०सी०सी० बनाने के लिये हर बुधवार को बैंकों के द्वारा राज्य के किसी भी जिलों में कैम्प नहीं लगाये जा रहे हैं, जिससे किसानों को के०सी०सी० उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी बैंक एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

--------

पाइप लाइन जोड़वाना

*19. श्री जवाहर प्रसाद --क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर के मुहल्ला मदार दरवाजा में जलापूर्ति पाइप लाइन नहीं जोड़ने के कारण नगर के मुहल्ला नवरतन बाजार, महाजन टोली, काजीपुरा, शहजुमा इत्यादि मुहल्ले के लोगों को जलापूर्ति नहीं होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रोहतास जिला के मदार दरवाजा में जलापूर्ति पाइप लाइन जोड़वाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुज्ञप्ति देना

*20. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में 2011 की जनगणना के आधार पर शहरी क्षेत्रों में 120 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 2,198 कुल 2,318 (डीलर) के विरुद्ध 1,574 जन-वितरण प्रणाली की दुकान संचालित है, जबकि 744 डीलरों के पद रिक्त पड़े हुये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि डीलरों का पद रिक्त रहने से सरकारी योजना से संचालित खाद्यान्न योजना प्रभावित हो रही है, जिस कारण गरीबों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मधुबनी जिला में 744 जन-वितरण प्रणाली विक्रेताओं को अनुज्ञप्ति देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आँटो स्टैण्ड बनाना

*21. श्रीमती पुनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 12 दिसम्बर, 2014 को छपी खबर ''सन्हौली का पटेल नगर चौक बना आँटो स्टैण्ड'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र, खगड़िया के चित्रगुप्तनगर थाना क्षेत्र के संहाली गाँव के पटेल नगर चौक को आँटो चालकों द्वारा अवैध आँटो स्टैण्ड बना दिया गया है, जिससे आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल से अवैध आँटो स्टैण्ड को हटाकर किसी नियत जगह वैध आँटो स्टैण्ड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*22. श्रीमती सुनीता सिंह --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के बेलसंड वार्ड न० 1 से श्मशान घाट जानेवाली पथ में पुल का निर्माण मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजनान्तर्गत 25 लाख के लागत से वित्तीय वर्ष 2012-13 में की गई, लेकिन आजतक उक्त पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त पुल का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*23. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के भूमि को अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया है तथा अंचलाधिकारी द्वारा गलत ढंग से कुछ भूमिहीनों को अस्पताल की जमीन पर वासगीत पर्चा भी दिया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल के भूमि को पैमाईस कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*24. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत जयनगर के वार्ड नं० 14, थाना गेट के सामने अशोक गुप्ता के घर से सुभाष चौक नारायण साह के घर तक तथा वार्ड नं० 7, सुरेन्द्र सहनी के घर से नरेश मंडल के घर होते हुये राधा कृष्ण मंदिर के आगे विद्यापीठ तक नाला नहीं होने से जल-जमाव हो जाता है, जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों के किनारे आर०सी०सी० नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*25. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के पकड़ी ग्राम के बगल में कमला नदी के किनारे 15-20 गाँवों से आकर आमलोग मुर्दा जलाते हैं परन्तु लकड़ी के कमी होने के कारण मुर्दा जलाने में काफी दिक्कत एवं आर्थिक परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर विद्युत् शवदाहगृह निर्माण कराने का कबतक विचार रखती है ?

---------

पद को भरना

*26. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य उपभोक्ता आयोग के 26 स्वीकृत पदों में से 18 पद विगत् चार वर्षों से रिक्त होने के साथ ही जिला उपभोक्ता फोरम में उक्त अवधि से क्लर्क, सहायक तथा चपरासी आदि के पद रिक्त हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण, दरभंगा, गया सहित राज्य के 11 जिलों के उपभोक्ता फोरम निष्क्रिय है, क्योंकि वहाँ तीन सदस्य का पद रिक्त है;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य उपभोक्ता आयोग एवं जिला उपभोक्ता फोरम में सदस्य एवं कर्मचारियों के पद रिक्त होने के कारण उपभोक्ताओं से संबंधित लगभग 19 हजार मामले उक्त अवधि से न्याय की आस में लम्बित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य उपभोक्ता फोरम एवं जिला उपभोक्ता फोरम में रिक्त सदस्यों एवं कर्मचारियों के पद को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*27. श्री पवन कुमार जायसवाल--दिनांक 6 फरवरी, 2013 को स्थानीय समाचार-पत्र में छपे शीर्षक के आलोक में ''स्कूल एवं कॉलेजों के पास अब मोबाईल टावर नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों में 100 मीटर के रेडियस में किसी भी परिस्थिति में मोबाईल टावर लगाना वर्जित है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व में लगाये गये टावर के संचालक को निगम से रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा तथा प्रति टावर 50,000 रु० तथा नवीकरण के लिये प्रति वर्ष प्रति टावर 15,000 रु० देना होगा;

(3) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता द्वारा मोबाईल टावर संचालकों से विस्तारित ब्योरा मांगने के उपरांत भी कोई भी टावर संचालक ने ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियमानुसार ब्योरा नहीं देने वाले टावर संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*28. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर में एक भी चिल्ड्रेन पार्क नहीं होने से बच्चों एवं युवा वर्ग के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार हाजीपुर नगर में कबतक चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति करना

*29. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर परिषद् अन्तर्गत 91 कि०मी० क्षेत्र के पाइप लाइन बिछाने की स्वीकृति वर्ष 2010 में दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पाइप लाइन में मात्र 46 कि०मी० पाइप लाइन बिछाया गया है, लेकिन अभीतक पाइप लाइन बिछाने का कार्य बंद पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे हुये पाइप लाइन बिछाकर शीघ्र शुद्ध जलापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती

*30. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी, बिरौल, बहेड़ा प्रखंड में व्यापार मंडल का भवन जर्जर हो गया है तथा चहारदीवारी नहीं रहने के कारण लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त व्यापार मंडलों के भवन की मरम्मती एवं चहारदीवारी से घेरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

केन्द्र खोलना

*31. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के जतुका पेकटोल पंचायत एवं इसके अगल-बगल में एक भी पशु चिकित्सा केन्द्र नहीं, है, जिससे इस इलाके के पशुओं का इलाज ससमय नहीं हो पाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि कटमा-भौरवा पंचायत एवं अगल-बगल के पशुपालकों को पशुओं के इलाज हेतु अन्यत्र ले जाने से काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जतुका पेकटोल पंचायत एवं फुलवन गाँव में पशु चिकित्सा केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 12 मार्च, 2015 (ई०) ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०)--146--डी०टी०पी०--450